मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)
खण्ड–2, पंचम तल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

क्र/12065/22/वि–12/ग्रासप्रा/Maint-1/17 भोपाल दिनांक 8/05/17

प्रति

महाप्रबंधक (समस्त),
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई
.........................(म.प्र.)

विषय :– ई–मार्ग पर डाटा एन्ट्री में की जा रही त्रुटियों के संबंध में।

---0---

प्राधिकरण द्वारा विगत 2 वर्षों से संधारण कार्यों का भुगतान ई–मार्ग से किया जा रहा है। 01.01.2017 से पांच वर्ष संधारण पश्चात के भुगतान भी ई–मार्ग से किये जा रहे हैं। NIC द्वारा मेरे संज्ञान में यह तथ्य लाया गया है कि परियोजना क्रियान्वयन इकाईयों द्वारा डाटा एन्ट्री में अब भी त्रुटियां की जा रही हैं। कुछ स्थानों पर त्रुटिपूर्ण डाटा एन्ट्री के साथ ठेकेदारों को भुगतान भी कर दिया है। यह एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। इससे यह प्रतीत होता है कि महाप्रबंधकों एवं लेखाधिकारियों द्वारा भुगतान पारित करने के पूर्व तथ्यों की पुष्टि नहीं की जाती है। ई–मार्ग पर डाटा एन्ट्री एवं भुगतान संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। पोर्टल पर भी डाटा एन्ट्री ऑपरेटर द्वारा की गई प्रविष्टियों को महाप्रबंधकों को forward कर इकाई स्तर पर ही परीक्षण एवं सुधार हेतु प्रावधान दिये गये हैं। प्रत्येक स्तर पर अंतिम रूप से डाटा freez करने के पहले प्रविष्टियों की पुष्टि हेतु मैसेज दर्शित होता है। इनके बाद डाटा सुधार की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। विशेष रूप से किसी भी मार्ग में प्रथम भुगतान करने के पूर्व सभी तथ्यों की सत्यता जांच लेनी चाहिए।

सभी महाप्रबंधक भुगतान ई–मार्ग पर त्रुटि विहीन डाटा एन्ट्री सुनिश्चित करेंगे। भविष्य में त्रुटिपूर्ण डाटा एन्ट्री सूचना पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

(एम.के.गुप्ता) 6/5/17
प्रमुख अभियंता
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्र. 12066/22/वि–12/ग्रासप्रा/Maint-1/17 भोपाल दिनांक 8/05/17

प्रतिलिपि–

- मुख्य महाप्रबंधक–वित्त, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
- मुख्य महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

6/5/17
प्रमुख अभियंता
म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल

D:\2017\Letter (laptop).doc